# जिले में BNS की धारा 163 लागू, धरना-प्रदर्शन पर रोक

## सोशल मीडिया पर की भड़काऊ पोस्ट तो होगी कार्यवाही, ग्रुप में अफवाह फैली तो एडमिन होगा जिम्मेदार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** आगामी समय में होने वाले विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी डीएन सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNS), 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से संपूर्ण




जिले की राजस्व सीमा में लागू हो गया है।

**सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी, ग्रुप एडमिन की होगी जवाबदेही:** प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक, भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली सामग्री पोस्ट करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इस आदेश में सोशल मीडिया ग्रुप एडमिन की जिम्मेदारी तय की गई है। जिसके चलते यदि ग्रुप का कोई सदस्य भड़काऊ पोस्ट करता है, तो एडमिन को उसे तुरंत डिलीट कर सदस्य को ग्रुप से हटाना होगा। वहीं एडमिन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को देनी होगी। लापरवाही बरतने पर ग्रुप एडमिन के विरुद्ध भी दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### काले झंडे दिखवाना, पुतला दहन पर प्रतिबंध

आदेश के तहत जिले में किसी भी समुदाय की भावनाओं के विपरीत कार्यक्रम आयोजित करने, उत्तेजनात्मक भाषण देने और वैमनस्यता फैलाने वाले मुद्रण या प्रकाशन पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त, अनुमति प्राप्त आंदोलनों या सभाओं के दौरान काले कपड़े पहनने, काले झंडे दिखाने, पुतला दहन करने अथवा भड़काऊ नारे लगाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति, समूह या संस्था के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत कठोर कानूनी व दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# सायबर फ्रॉड का पर्दाफाश, कार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**सेफ क्लिक 2.0 के तहत पुलिस को मिली कामयाबी**

**आरोपियों ने पर्यटक बन खाते में डाले थे रुपये**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 सायबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। चंदेरी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों के भीतर सायबर धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर राजस्थान के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई टाटा पंच कार भी जब्त कर ली है।

दरअसल चंदेरी के ग्राहक सेवा केन्द संचालक प्रसन्न यादव और एक अन्य संचालक सचिन लोधी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि राजस्थान पासिंग कार से आए कुछ युवकों ने खुद को पर्यटक बताया। उन्होंने नकदी खत्म होने का बहाना बनाकर फोन पे के माध्यम से खाते में पैसे ट्रांसफर करने की बात कही और उनसे क्रमशः 1,05,000 और 50,000 रुपये नकद ले लिए। अगले दिन जब संचालकों ने बैंक से लेनदेन करना चाहा, तो पता चला कि फ्रॉड की राशि ट्रांसफर होने के कारण उनके बैंक खाते फ्रीज हो चुके हैं। पुलिस ने तुरंत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया।

**राजस्थान से दबोचे गए आरोपी:** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और थाना प्रभारी चंदेरी प्रशांत यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पीछा करते हुए झुंझुनू (राजस्थान) निवासी आरोपी देवेन्द्र यादव, शुभम यादव और मनीष जाट को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों, जितेश यादव और पवन मेघवाल के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देना कबूल किया है, जिनकी तलाश जारी है।

### एक नजर में



**सुनील बने उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष**

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार और प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरविंद बागड़ी की सहमति से संगठन में नई नियुक्तियां की गई हैं। इसके तहत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील जैन को उद्योग एवं व्यापार प्रको का अशोकनगर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस पदाधिकारियों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी हैं।

# विधि कॉलेज की प्राचार्य की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ एनएसयूआई ने प्रदर्शन कर की निलंबन की मांग

## प्रदर्शन के दौरान लगाए गंभीर आरोप, कहा- प्राचार्य पार्टी विशेष के लिए विद्यार्थियों पर डाल रहीं दबाव

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शासकीय विधि महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य गरिमा राठौर के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ( NSI) ने मोर्चा खोल दिया है। प्राचार्य पर छात्र संगठन ABVP के पक्ष में काम करने और छात्रों पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए NSI कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को गांधी पार्क पर प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया। इसके साथ ही उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की प्राचार्य की निलंबन की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे NSI के जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा अगर गरिमा राठौर को राजनीति का इतना ही शौक है, तो हमारी मांग है कि वह प्रोफेसर जैसे गरिमामयी और महत्वपूर्ण पद से तुरंत इस्तीफा दें। इसके बाद वे खुलकर बीजेपी जॉइन करें और जमकर प्रचार-प्रसार करें। एक सरकारी पद पर बैठकर पक्षपात करना बर्दाश्त नहीं किया



जाएगा। वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभारी प्राचार्य ने छात्रों को प्रैक्टिकल परीक्षा में न बैठने देने और अनुपस्थित करने का डर दिखाया। इस भय के बल पर उन्होंने छात्रों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के परिषद परिचय और जॉइन एबीवीपी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मजबूर किया। इतना ही नहीं प्राचार्य ने खुद भी उस राजनीतिक मंच को साझा किया और ABVP की तारीफों के कसीदे पढ़े, जो कि एक शासकीय कर्मचारी की निष्पक्षता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। यह छात्रों के शैक्षणिक अधिकारों और स्वतंत्रता का खुला हनन है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान रितेश जैन, गिरीश जैन, सचिन त्यागी, सुधीर शर्मा, सतपाल रघुवंशी, बली सिंह, अमन महाराज, श्रीकान्त नायक, आशीष यादव, सत्येंद्र यादव, देवेन्द्र राठौर, प्रशांत यादव, राहुल सेन, संजय नायक, अनुभव यादव और लक्की सहित बड़ी संख्या में NSI कार्यकर्ता और छात्र उपस्थित रहे।

**इनका कहना है।**

*आगामी दिनों में प्रेक्टिकल होना है, तो वहीं गोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसके चलते छात्रों को बुलाया गया था, NSI के पास कोई काम नहीं है, न ही उन्होंने कभी कॉलेज में आकर देखा कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखकर कितनी व्यवस्थाओं में सुधार किया गया है। उन्हें तो बस विरोध करना है, सो करे।*

**गरिमा राठौर, प्राचार्य**
**विधि महाविद्यालय अशोकनगर।**

# किला कोठी के जंगल में पेड़ से लटकती मिली युवक की लाश

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** किला कोठी के जंगलों में गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटकती हुई युवक की लाश बरामद हुई। मृतक की पहचान टीटू कोली निवासी पसियापुरा के रूप में की गई है। 5 दिनों से धूप और खुले आसमान के नीचे रहने के कारण शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका था।

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक टीटू कोली बीते रविवार दोपहर से अचानक घर से लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो सोमवार को परिजनों ने चंदेरी थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार सुबह पुलिस को जंगल में एक अज्ञात शव होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची चंदेरी पुलिस ने तुरंत टीटू के परिजनों को बुलाया, जिन्होंने कपड़ों और हुलिए के आधार पर उसकी शिनाख्त की। शव काफी ऊंचाई पर फंदे से लटका था और बुरी तरह सड़ चुका था। पुलिस ने नगरपालिका के सफाईकर्मियों की मदद लेकर बेहद सावधानी से शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। इसके बाद शव वाहन के जरिए लाश को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# AIDSO ने कैंडल मार्च निकालकर गैंग रेप पीड़िताओं के लिए मांगा न्याय

**अश्लीलता और नशे पर रोक लगाने की मांग**

**संगठन पछाड़ीखेड़ा रोड पर किया आयोजन**




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** राजस्थान के गंगानगर और पश्चिम बंगाल के बरईपुर में नाबालिग बच्चियों के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में छात्र संगठन AIDSO ने पछाड़ीखेड़ा चौराहा पर श्रद्धांजलि और विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें संगठन ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने और समाज में बढ़ रही अपसंस्कृति पर रोक लगाने की मांग की है।

इस दौरान संगठन की जिला उपाध्यक्ष पूजा ओझा ने कहा कि गंगानगर में 13 वर्षीय बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म और बरईपुर में नाबालिग की हत्या जैसी दिल दहला देने वाली घटनाएं देश की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान हैं। उन्होंने समाज के दूषित होते माहौल पर चिंता जताते हुए कहा सोशल मीडिया पर परोसी जा रही अश्लीलता, अपसंस्कृति और बेलगाम बिक रहा नशा इन अपराधों के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। सरकार इन पर नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिससे ऐसी डरावनी घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है। वहीं सचिव विश्वीर भंडारी के नेतृत्व में सरकार से मांग की गई कि दोनों घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को उदाहरणमूलक व कठोरतम सजा दी जाए। पीड़ित परिवारों को तत्काल उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए। अपराधों की जड़, शराब और हर प्रकार के नशे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इसके अलावा अश्लील वेबसाइट्स और सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले अश्लील कंटेंट पर सख्ती से रोक लगे।

# PIC बैठक में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**वार्ड सहित स्टेडियम का होगा कायाकल्प**

**अध्यक्ष सहित पार्षदों ने लगाई मोहर**

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद की प्रेसिडेंट-इन-कौंसिल (PIC) की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर के विकास और जनहित से जुड़े कई बड़े प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई ।बैठक में मुख्य रूप से अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जिन क्षेत्रों में नई पाइप लाइन बिछाई गई है, वहां नागरिकों को नवीन नल कनेक्शन देने की स्वीकृति दी गई है। वहीं शहर के संजय स्टेडियम में जिम के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण और जिम हेतु आवश्यक नई सामग्री क्रय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा नगर के वार्ड क्रमांक 01 से 22 तक आवश्यकता के आधार पर



सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। साथ ही निकाय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विनियमितीकरण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया है। वहीं निकाय में पदस्थ विनियमित कर्मचारियों को उनकी योग्यता के अनुसार तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियमित करने हेतु जानकारी शासन को भेजी जाएगी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। इन कार्यों के पूर्ण होने से नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। इस मौके पर पार्षद महेंद्र भारद्वाज, डॉ. जयमंडल यादव, प्रमेन्द्र तायडे, गीता आर्य, आशुतोष देवलिया, निक्की मोनू रघुवंशी, आयुषी सतपाल लोधी, सीएमओ विनोद उन्नीतान,उपयंत्री भानू कुशवाहा, उपयंत्री शिवकुमार, उपयंत्री आयुष वर्मा, सुरेश तिवारी सहित अन्य निकाय स्टाफ उपस्थित रहा।

# पुलिस रेडियो शाखा के 8 आरक्षकों को मिली पदोन्नति, बने प्रधान आरक्षक

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस दूरसंचार मुख्यालय के आदेशानुसार जिले की रेडियो शाखा में पदस्थ 8 आरक्षकों को कार्यवाहक प्रधान आरक्षक का प्रभार सौंपने के आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश मुख्यालय द्वारा निर्धारित विभागीय प्रक्रिया, पात्रता और उपयुक्तता मानकों के आधार पर जारी किया गया है। रेडियो शाखा के जिन आरक्षकों को कार्यवाहक प्रधान आरक्षक का नवीन प्रभार मिला है, उनमें संजीव रघुवंशी, संजीव धाकड़, मनोज धाकड़, सुरेन्द्र राठौर, शिव कुमार जाटव, गौरव कुमार नोहरेरिया, दुले सिंह भिलाला और कैलाश नारायण भील शामिल है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने सभी प्रमोट हुए पुलिसकर्मियों को बधाई दी है।

## धर्म-कर्म

### समाजजनों ने घरों पर सजाए तोरण द्वार, बनाई रंगोली

# मुनिश्री अभय सागर महाराज का नगर में हुआ प्रवेश

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** समाधिस्थ आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के आदेशानुसार निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर महाराज संसघ का भव्य मंगल प्रवेश गुरुवार को सुबह नगर में हुआ, जहां जैन समाज द्वारा चंदेरी रोड रेलवे फाटक से मुनि संघ की मंगल आगवानी की गई, समाज को इस बार निर्यापक मुनिश्री अभय सागर महाराज संसघ का मंगल चातुर्मास मिलने की प्रबल संभावना नजर आ रही है, और अब जब नगर में मुनि संघ का मंगल प्रवेश हो चुका है ऐसे में श्रद्धालुओं में भारी उत्साह नजर आ रहा है। गुरुवार को जब मुनि संघ का बिहार साजनमहू ग्राम से



नगर की ओर हुआ तो जैन समाज द्वारा मुनि संघ की आगवानी की तैयारियां एक दिन पहले ही शुरू कर दी गई थी जिसमें नगर में तोरण द्वार ओर घरों के आगे रंगोली सजाई गई, वही मुनिश्री का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया और नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मुनि संघ संत निवास में पहुंचे जहां मुनिश्री अभय सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में आज भी बहुत उत्साह ओर उमंग देखने को मिला जो पहले हुआ करता था,यह उत्साह हमेशा बनाए रखना साथ ही चातुर्मास कब ओर कहा होगा यह गुरु आज्ञा पर निर्भर रहता है जहां के लिए उनका आशीर्वाद मिलेगा उसी नगर का भाग्य जागृत होगा अब आप लोगो को अपना पुण्य बढ़ाना है जिससे आप लोगो की भावना पूर्ण हो सके । धर्म सभा को मुनिश्री प्रभात सागर, मुनिश्री चंद्र सागर,मुनिश्री निरीह सागर ने भी संबोधित किया।

मुनि श्री के मंगल चतुर्मास के लिए जैन समाज का एक दल आचार्य श्री समय सागर महाराज के पास श्रीफल भेंट करने जाएगा और मुनिश्री का चातुर्मास के लिए आशीर्वाद लेगा,वही मंगल आगवानी में सर्व प्रथम वीर सेवा दल चल रहा था जिसके बाद महिला समिति एवं महिला परिषद की महिलाएं चल रही थी और नव युवक डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए चल रही थी।

# राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर ABVP ने किया भारत माता की आरती का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के पावन अवसर पर गुरूवार को गांधी पार्क पर भारत माता की आरती कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।**

जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। राष्ट्रभक्ति से सराबोर इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने सामूहिक रूप से महाआरती कर राष्ट्र की उन्नति और अखंडता का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विभाग संयोजक अमन रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज अपने 78वें वर्ष में




प्रवेश कर रही है। संगठन आज जिस गौरवशाली स्थान पर है, वह पिछले 77 वर्षों में लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और समर्पण का परिणाम है। अभाविप केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है, जो ज्ञान, शील और एकता के मंत्र के साथ काम कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं कार्यक्रम के समापन पर सभी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर अभाविप की संपूर्ण नगर कार्यकारिणी, पूर्व व वर्तमान कार्यकर्ता, नगर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# सिंधिया के दौरे की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जिले के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी,पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के प्रस्तावित दौरे को सफल, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठनात्मक तैयारियों, जनसंपर्क अभियान, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण के साथ तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी सहित कार्य कर्ता मौजूद रहे।